# वार्षिक परीक्षा - 2026
# कक्षा - 11 (सामान्य हिन्दी)

(i) FI/सामान्य हिन्दी - I

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं—खण्ड 'क' और खण्ड 'ख'। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

**खण्ड-'क'**

1. (क) 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम सम्पादक हैं— 1
(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) श्यामसुन्दर दास
(स) जयशंकर प्रसाद (द) हरिशंकर परसाई

(ख) 'आनन्द कादम्बिनी' पत्रिका के सम्पादक थे— 1
(अ) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (ब) प्रतापनारायण मिश्र
(स) बालकृष्ण भट्ट (द) सरदार पूर्ण सिंह

(ग) 'प्रजा हितैषी' समाचार-पत्र के सम्पादक थे— 1
(अ) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' (ब) राजा लक्ष्मण सिंह
(स) अज्ञेय (द) लल्लू लाल

(घ) 'सत्यार्थ प्रकाश' रचना है— 1
(अ) स्वामी दयानन्द सरस्वती की (ब) स्वामी विवेकानन्द की
(स) राजा राममोहन राय की (द) रामकृष्ण परमहंस की

(ङ) 'मेरी असफलताएँ' किस विधा की रचना है ? 1
(अ) निबन्ध (ब) आत्मकथा (स) संस्मरण (द) रेखाचित्र

2. (क) हिन्दी साहित्य का प्रथम कवि माना जाता है— 1
(अ) सरहपा को (ब) चन्दबरदाई को (स) कबीर को (द) भूषण को

(ख) 'पृथ्वीराज रासो' किसकी रचना है ? 1
(अ) नरपति नाल्ह (ब) चन्दबरदाई (स) जगनिक (द) दलपति विजय

(ग) 'भक्तिकाल' की समय-सीमा मानी जाती है— 1
(अ) संवत् 1050 से 1375 तक (ब) संवत् 1375 से 1700 तक
(स) संवत् 1700 से 1900 तक (द) संवत् 1900 से अब तक

(घ) 'कबीरदास' किस धारा के कवि हैं ? 1
(अ) ज्ञानमार्गी शाखा (ब) प्रेममार्गी शाखा
(स) रामभक्ति शाखा (द) कृष्णभक्ति शाखा

(ङ) 'बिहारी सतसई' किस काल की रचना है ? 1
(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल (स) रीतिकाल (द) आधुनिक काल

3. निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए— 1
(अ) 'पुरस्कार' कहानी के लेखक जयशंकर प्रसाद हैं।
(ब) 'गबन' प्रेमचन्द का प्रसिद्ध नाटक है।
(स) 'चिन्तामणि' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का काव्य-ग्रन्थ है।
(द) 'तितली' महादेवी वर्मा की रचना है।

4. दिये गये गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $2 \times 5 = 10$

विद्या-कला-कविता साहित्य, धन और राजत्व से भी आचरण की सभ्यता अधिक ज्योतिष्मती है। आचरण की सभ्यता को प्राप्त करके एक कंगाल आदमी राजाओं के दिलों पर भी अपना प्रभुत्व जमा सकता है। इस सभ्यता के दर्शन से कला, साहित्य और संगीत को अद्भुत सिद्धि प्राप्त होती है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) आचरण की सभ्यता का संसार के सभी ज्ञान और धन-ऐश्वर्यों में क्या स्थान है ?

(iv) संसार में सभी प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति का एकमात्र साधन क्या है ?

(v) गद्यांश की भाषा-शैली व्यक्त कीजिए।

**अथवा**

संयमन का उपदेश हमारे ऋषि-मुनि देते आए हैं, किन्तु इसके बुरे नतीजे भी हमारे सामने हैं—बड़े-बड़े तपस्वियों की लम्बी-लम्बी तपस्याएँ एक रम्भा, एक मेनका, एक उर्वशी की मुस्कान पर स्खलित हो गईं। आज भी देखिए। गाँधी जी के तीस वर्ष के उपदेशों और आदेशों पर चलने वाले हम तपस्वी किस तरह दिन-दिन नीचे गिरते जा रहे हैं। इसलिए उपाय एकमात्र है—वृत्तियों के उन्नयन का।

(i) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) प्रस्तुत गद्यांश किस प्रसंग पर आधारित है ?

(iv) गाँधी जी के आदर्शों और उनके अनुयायियों के सन्दर्भ में लेखक क्या कहते हैं ?

(v) इन्द्रियों के संयमन के विषय में लेखक ने क्या कहा है ?

5. दिये गये पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

साजि चतुरंग सैन अंग में उमंग धारि।
सरजा शिवाजी जंग जीतन चलत है।
भूषन भनद नाद विहद नगारन के,
नदी नद मद गैवरन के रलत हैं।
ऐलफैल खैलभैल खलक में गैलगैल,
गजन की ठैलपैल सैल उलसत हैं।
तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत जिमि
धारा पर पारा पारावार यों हलत है॥

(i) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) 'गजन की ठैलपैल सैल उलसत हैं' में कौन-सा अलंकार है ?

(iv) युद्ध के लिए शिवाजी के प्रस्थान के समय किसका पद किस प्रकार का था ?

6. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए— (शब्द सीमा 80 शब्द) $3 + 2 = 5$

(i) राहुल सांकृत्यायन (ii) सरदार पूर्ण सिंह (iii) रामवृक्ष बेनीपुरी

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए— (शब्द सीमा 80 शब्द) $3+2=5$

(i) सूरदास (ii) कबीरदास (iii) महाकवि भूषण

7. 'प्रायश्चित' कहानी की नायिका 'रामू की बहू' का चरित्र-चित्रण कीजिए— (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

'आकाशदीप' कहानी की समीक्षा कीजिए।

[11pt,a4paper]article [margin=1in]geometry fontspec



8. स्वपठित खण्डकाव्य के 'तृतीय अंक' का कथानक अपने शब्दों में लिखिए— (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

स्वपठित खण्डकाव्य की 'नायिका' का चरित्र-चित्रण लिखिए।

**खण्ड-'ख'**

9. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए— $2+5=7$

स आह-कुत्रतव कङ्कणम् ? व्याघ्रो हस्तं प्रसार्य दर्शयति पान्थो ऽवदत्-कथं मारत्मके त्वयि विश्वासः, व्याघ्रः उवाच-शृणु रे पान्थ। प्रागेण यौवन दयायामहमतीव दुक्तम् आसन्। अनेक गोमानुषाणां वधान्मे पुत्राः मृताः दाराश्च मृताः वंशहीन रचाहम्।ततः केनचिद् धार्मिकेणाहमादिष्टः—दानधर्मादिकं चस्तुभवान्।

**अथवा**

भारतदेशस्य सुविस्तृतायाम् उत्तरस्यां दिशि स्थितो गिरिः पर्वतराजो हिमालय इति नाम्नाभिधीयते जनैः। अस्य महोच्चानि शिखराणि जगतः सर्वानपि पर्वतान् जयन्ति। अतएव लोका एवं पर्वतराजं कथयन्ति।

(ख) दिये गये संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए— $2+5=7$

अकीर्तिं विनयो हन्ति हन्त्यनर्थं पराक्रमः।<br>
हन्ति नित्यं क्षमा क्रोधमाचारो हन्त्यलक्षणम्॥

**अथवा**

मरुस्थल्यां यथा वृष्टिः क्षुधार्ते भोजनम् तथा।<br>
दरिद्रे दीयते दानं सफलं पाण्डु नन्दनः॥

10. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए—

$1+1=2$

(क) कुत्ते की मौत मरना (ख) कूपमण्डूक होना

(ग) सिर माथे पर लेना (घ) घी के दिये जलाना

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही-विकल्प का चयन कर लिखिए—

(i) 'भावकः' का सन्धि-विच्छेद है— 1

(अ) भाव + अकः (ब) भा + वकः

(स) भौ + अकः (द) भौ + वकः

(ii) 'महेशः' का सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) मह + एेशः (ब) महा + ईशः
(स) महे + एशः (द) महे + शः

(iii) 'पवित्रम्' का सन्धि-विच्छेद है— 1
(अ) पव + इत्रम् (ब) पो + इत्रम्
(स) पउ + इत्रम् (द) प + वित्रम्

(ख) दिये गये शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही उत्तर विकल्प का चयन कीजिए—

(i) 'आत्मन्' का द्वितीया विभक्ति द्विवचन में रूप होगा— 1
(अ) आत्मानम् (ब) आत्मने
(स) आत्मनि (द) आत्मानौ

(ii) षष्ठी, एकवचन में 'नामन्' का रूप होता है— 1
(अ) नाम्नोः (ब) नाम्नः
(स) नामनि (द) नामानि

12. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए—

(i) 'अब्ज-अब्द' 1
(अ) कमल और वर्ष (ब) वर्ष और कमल
(स) वृद्ध और जीर्ण (द) चन्द्र और सूर्य

(ii) 'वृत्त-वित्त' 1
(अ) चरित्र और धन (ब) धन और दौलत
(स) गिरोह और घर (द) गाँव और घर

(ख) (i) 'अधर' का अर्थ नहीं है— 1
(अ) बीच (ब) उन्माद
(स) ओंठ (द) शून्य

(ii) 'जड़' का सही अर्थ है— 1
(अ) तपस्या (ब) भाग्य
(स) अचेतन (द) बुद्धिमान

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए—

(i) जीवित रहने की उत्कट इच्छा— 1
(अ) जीवन (ब) जिजीविषा (स) उत्साह (द) सर्वेच्छ

(ii) सेना के ठहरने का स्थान— 1
(अ) टुकड़ी (ब) छावनी (स) शिविर (द) सेनाघर

(घ) सही विकल्प का चयन करके उत्तर दीजिए—

(i) 'मैं स्वामी जी का दर्शन करूँगा' वाक्य का शुद्ध रूप है— 1
(अ) मैं दर्शन करूँगा स्वामी जी का।
(ब) दर्शन स्वामी के करूँगा मैं।
(स) स्वामी जी के दर्शन करूँगा मैं।
(द) मैं स्वामी जी के दर्शन करूँगा।

(ii) शुद्ध वाक्य है— 1
(अ) साकेत उच्च कोटि का काव्य है।
(ब) उच्चकोटि का काव्य है साकेत।
(स) साकेत उच्चकोटि का एक काव्य है।
(द) साकेत एक उच्चकोटि का काव्य है।

13. (क) 'वीर रस' अथवा 'करुण रस' के स्थायीभाव के साथ उसकी परिभाषा और उदाहरण लिखिए। 2

(ख) 'श्लेष' अथवा 'रूपक' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 2

(ग) 'चौपाई' अथवा 'सोरठा' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। 2

14. किसी बैंक के प्रबन्धक को चिकित्सा शिक्षा हेतु 'शिक्षा ऋण' की प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए। $2 + 4 = 6$

**अथवा**

मतदान में हुई गड़बड़ी के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए— $2 + 7 = 9$

(क) विज्ञान : वरदान या अभिशाप (ख) आतंकवाद एक चुनौती

(ग) सुरक्षित यातायात (घ) बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ।